Page No. ___ Date __/__/20__

कक्षा - छठी

हिन्दी व्याकरण पाठ 1 से (भाषा व व्याकरण)

प्र०1 अपने मित्र को पत्र लिखने के लिए आप कौन सी भाषा का प्रयोग करेंगे ?

उ० हम लिखित भाषा का प्रयोग करेंगे।

प्र०2 भाषा से आप क्या समझते हैं? सामान्यत: भाषा की अभिव्यक्ति किन दो रूपों में होती है ?

उ० भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचारों व मनोभावों को दूसरों के समक्ष प्रकट करते हैं तथा दूसरों के भाव व विचारों को ग्रहण करते हैं। भाषा की अभिव्यक्ति लिखित व मौखिक दो रूपों में होती है।

प्र०3 लिपि की परिभाषा लिखिए।

उ० भाषा - लेखन के लिए निश्चित किए गए चिह्नों की व्यवस्था को लिपि कहते हैं।

प्र०4 भाषा - ज्ञान लिपि की क्या उपयोगिता है ? बताइए।

उ० लिपि की निम्नलिखित उपयोगिताएँ हैं -

1. लिपि की मदद से ही विचार, ज्ञान-विज्ञान, नई खोज और जानकारी, प्रसार और विस्तार पाती है। इसका लाभ संपूर्ण मानवता को मिलता है।
2. लिपि विचारों को सुनिश्चित, सुरक्षित और स्थायी रखने का माध्यम है।
3. लिपि किसी भी भाषा को नियमित या मानक रूप प्रदान करती है।

प्र०5 हिंदी की लिपि का नाम ~~बताइए~~ बताइए। यह भी बताइए कि अन्य कौन - कौन - सी भाषाएँ इस लिपि में जाती हैं ?

उ० हिंदी की लिपि का नाम देवनागरी है।

निम्नलिखित भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं।
संस्कृत, कोंकणी, नेपाली, गुजराती, मराठी, बोडो आदि।

प्र०6 क्या सभी लिपियाँ बाएँ से दाएँ लिखी जाती हैं? विभिन्न प्रकार से लिखी जाने वाली लिपियों के नाम बताइए।
उ० नहीं, सभी लिपियाँ बाएँ से दाएँ नहीं लिखी जाती। अंग्रेजी अरबी, फारसी और उर्दू इत्यादि।

प्र०7 बोली किसे कहते हैं? वह उपभाषा से कैसे भिन्न है?
उ० एक सीमित क्षेत्र में बोली जाने वाले स्थानीय रूप को 'बोली' कहते हैं।
बोली का क्षेत्र सीमित है। पाँच-दस मील की दूरी पर बोली में हलका सा अंतर आ जाता है।
जबकि उपभाषा का क्षेत्र विस्तृत होता है। इसमें साहित्य की रचना होती है। साहित्य रचना करते समय यह भाषा का स्थान पा लेती है।

प्र०8 हिन्दी को संविधान के अन्तर्गत क्या स्थान प्राप्त है?
उ० संविधान के अन्तर्गत हिन्दी को संघ की राजभाषा का स्थान प्राप्त है।

प्र०9 भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी को कब स्वीकृति मिली?
उ० हिन्दी को 14 सितंबर 1949 को राजभाषा होने का गौरव मिला।